राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2800

17 दिसम्बर, 2014 को उत्तर के लिए

इस्पात उत्पादन क्षमता बढ़ाने हेतु कार्यबल

2800. श्री ईश्वरलाल शंकरलाल जैन:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार अगले दस वर्षों में इस्पात उत्पादन क्षमता को तीस करोड़ टन तक पहुंचाने का लक्ष्य हासिल करने के लिए एक कार्यबल गठित करने पर विचार कर रही है;

(ख) क्या इस्पात क्षेत्र के लिए एक राष्ट्रीय संस्थान खोलने पर भी विचार किया जा रहा है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री **श्री विष्णु देव साय**

(क) : जी, नहीं।

(ख) और (ग) : बीजू पटनायक नेशनल इंस्टिट्यूट (बीपीएनएसआई), पुरी, ओडिशा और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ सेकेण्डरी स्टील टेक्नोलोजी (एनआईएसएसटी), मण्डी, गोबिन्दगढ़, पंजाब राष्ट्रीय स्तर के संस्थान हैं, जो पहले से ही कार्य कर रहे हैं।

*****